फतेहपुर में जिला खाद्य सुरक्षा टीम ने लिए खाद्य पदार्थों के लिए सैंपल

फतेहपुर शेखावाटी में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा टीम ने कई स्थानों से खाद्य सामग्रियों के सैंपल लिए.

Written by - Zee Rajasthan Web Team|Edited by: Zee Rajasthan Web Team|Last Updated: Feb 22, 2022, 02:05 PM IST

Fatehpur: शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत मंगलवार को जिला खाद्य सुरक्षा टीम ने फतेहपुर में कई स्थानों से खाद्य सामग्रियों के सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भिजवाया. जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन गोदारा ने बताया कि दो रसगुल्ले की फैक्ट्रियों से और दुकानों से खाद्य सामग्रियों के सैंपल लेकर जांच के लिए भिजवाए गए. गोदारा ने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

फतेहपुर शेखावाटी में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा टीम ने कई स्थानों से खाद्य सामग्रियों के सैंपल लिए. खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन गोदारा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत फतेहपुर में कई स्थानों पर से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए.

सैंपल लेकर आगे जांच के लिए भेजे गए. खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन गोदारा के नेतृत्व में मंडेला रोड के समीप से एक रसगुल्ले की फैक्ट्री से पनीर के सैंपल लिए. साथ ही दूसरी रसगुल्ले की फैक्ट्री से घी के सैंपल, मंडावा रोड के समीप से दुकान से गेहूं के आटे के सैंपल लिए गए.